TC- MPBIL02560

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

साप्ताहिक इंदौर फर्स्ट
संघर्ष से सिद्धि
Jtv भारत इलेक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया नेटवर्क ग्रुप उज्जैन
7974826006, 8643056464
9575154444

वर्ष-03 अंक-69 | उज्जैन, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-8

# नीमच में गर्व और सम्मान के साथ आयोजित की गई 86वीं के.रि.पु.ब दिवस परेड

## देश से नक्सलवाद 2026 तक हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा- गृहमंत्री श्री अमित शाह

**नक्सलवाद के उन्मूलन में सीआरपीएफ का महत्वपूर्ण योगदान है- केंद्रीय गृह मंत्री**

**सीआरपीएफ को देश ही नहीं पूरी दुनिया के सबसे बड़े अर्द्ध सैनिक बल होने का गौरव हांसिल है।**

**केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ,नीमच में केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल के 86वे स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए**

**केंद्रीय गृह मंत्री ने सीआरपीएफ स्थापना दिवस समारोह की भव्य परेड़ का निरीक्षण कर, परेड़ की सलामी ली**

**गृहमंत्री श्री शाह द्वारा सीआरपीएफ के जवानो को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी प्रदान कर किया सम्मानित।**

**केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने नीमच में सीआरपीएफ परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर, केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल के शहीद जवानों को श्रृंद्धाजली अर्पित।**







संजय जैन,सह-संपादक।नीमच/ उज्जैन। केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल ने अपनी 86वीं स्थापना दिवस परेड का आयोजन मध्य प्रदेश के नीमच स्थित ग्रुप सेंटर में पूरे सम्मान और उत्साह के साथ किया। यह ऐतिहासिक स्थल, जहां बल की नींव रखी गई थी, एक बार फिर राष्ट्र के प्रति सीआरपीएफ की सेवा, शौर्य और समर्पण की प्रेरणादायी गाथा का साक्षी बना।

इस अवसर पर माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। माननीय मंत्री जी का स्वागत सीआरपीएफ के महानिदेशक श्री ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। परेड से पूर्व, श्री अमित शाह ने ग्रुप सेंटर परिसर स्थित शहीद स्थल पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने देश की आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ के कार्मिकों के अदम्य साहस एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने बल की आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी अभियानों, शांति स्थापना के कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण दायित्वों में निभाई गई भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, जहां सीआरपीएफ है, वहां चिंता की कोई बात नहीं। सी आर पी एफ देश मे ही नही वरन पूरी दुनिया का सबसे बड़ा अर्ध सैनिक बल है, हम सबके सहयोग से देश मे से 2026 तक नक्सलवाद पूरी तरह खत्म कर देंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा की देश 2047 तक विश्व मे सर्वोच्च बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। इसमें अमर शहीदों के परिवारों का भी योगदान याद रखा जायेगा इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा परेड की सलामी ली गई जिसमें सीआरपीएफ की आठ टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने वीरता पदकों के लिए चयनित जवानों को सम्मानित किया तथा सराहनीय व विशिष्ट सेवा के लिए अन्य कर्मियों को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में कोबरा, आरएएफ, वैली क्यूएटी और डॉग स्क्वॉड जैसी विशेष इकाइयों द्वारा प्रभावशाली प्रदर्शन भी प्रस्तुत किए गए। 86वीं सीआरपीएफ दिवस परेड इस वर्ष 17 अप्रैल को विस्तारित समारोहों के अन्तर्गत आयोजित की गई। सामान्यतः सीआरपीएफ दिवस प्रतिवर्ष 19 मार्च को मनाया जाता है, क्योंकि 1950 में इसी दिन भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने बल को ध्वज प्रदान किया था। इस वर्ष नीमच में आयोजन का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि यहीं 27 जुलाई 1939 को ब्रिटिश शासन के दौरान क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस की स्थापना हुई थी। स्वतंत्रता के बाद, 28 दिसंबर 1949 को सरदार पटेल ने इसे केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) नाम दिया।आज सीआरपीएफ देश की आंतरिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है—हर चुनौतीपूर्ण मोर्चे पर अग्रिम पंक्ति में डटे रहकर, सेवा और निष्ठा के अपने मूलमंत्र को चरितार्थ कर रहा है।

## अधिवक्ता रविराज पुरोहित भारत शासन द्वारा नोटरी नियुक्त



**संवाददाता धर्मेश सोनी पेटलावद** अभिभाषक संघ पेटलावद के सदस्य, एडवोकेट रविराज पुरोहित को भारत सरकार द्वारा नोटरी कार्य हेतू प्राधिकृत किया गया, रविराज पुरोहित वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद पुरोहित के पुत्र है तथा वर्ष 2007 से वकालत के पेशे मे है। इस नियुक्ति पर अभिभाषक संघ पेटलावद के समस्त सदस्यों, तथा परिवार जन व इष्ट मित्रो द्वारा रविराज पुरोहित को बधाई दी गयी।

## अठाना के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजन



**गोपाल नरवाडिया** अठाना ! सीएम राइज़ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अठाना के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने गंभीरी नदी के घाटों की सफाई एवं नदी की सफाई का अभियान आयोजित किया साथ ही छात्राओं ने घाटों पर जल संवर्धन के जागरूकता वाले नारे एवं रंग बिरंगी रंगोली बनाकर जल है तो कल है यह नारा बुलंद किया और जल संवर्धन का संदेश समाज एवं नगर की जनता को दिया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं का नेतृत्व संकुल के प्राचार्य एवं विद्यालय प्राचार्य धर्मेश दुबे वरिष्ठ अध्यापक श्री मुकेश जोशी ने किया एवं अन्य समस्त अध्यापक गणों का सराहनीय सहयोग रहा संस्था प्राचार्य धर्मेश दुबे ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक जारी रहेगा इस अवधि में जल संवर्धन जागरूकता के और भी अभियान अलग-अलग दिवस में आयोजित किए जाएंगे

# स्वतंत्रता के बाद पहली बार कोई विधायक पहुंचे सुविधाओं से वंचित ग्राम मांजनी,खुली घटिया निर्माण की पोल

**राजेश नाहर** खेतिया,,, खेतिया ग्रामीण क्षेत्र में जनपद पंचायत पानसेमल की ग्राम पंचायत मलगांव का ग्राम है-मांजनी। ग्राम मंजनी क्षेत्र का एक ऐसा गांव जहां के नागरिक आज भी पीने के पानी, स्कूल आंगनबाड़ी , रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। स्वतंत्रता के 78 वर्षों बाद पहली बार कोई विधायक ग्राम मांजनी पहुंचा। क्षेत्र के विधायक श्याम बर्डे कल ग्रामीण क्षेत्र के प्रवास के दौरान अचानक ग्राम मांजनी पहुंचे, ग्रामीणों ने विधायक को अपने बीच देखा तो मन ही मन प्रसन्न दिखाई दिए ,विधायक बर्डे को टकटकी लगाए देखते रहे, विधायक को आए देख प्लास्टिक के पाल से बनी जगह पर खटिया लगाई विधायक को बैठाया ,विधायक ग्रामीणों से उनकी भाषा मे बातचीत करते रहे, ग्रामीणों के साथ ग्राम मांजनी घूम कर देखा तो पाया कि ना तो गांव में हैंडपंप है ना आंगनबाड़ी ना स्कूल,,,, पानी की समस्या बहुत बड़ी दिखाई दी जहां ग्रामीण लगभग 2 किमी दूर से पानी लाते है,रोजगार के लिए कार्य बन्द पड़े है,जिससे ग्रामीण पलायन को मजबूर है, स्वतंत्रता के बाद पहली बार पहुंचे विधायक बर्डे को देखकर ग्रामीणों में उत्साह बना,ग्रमीणों को लिए सुविधा हो इसलिए विधायक श्याम बर्डे ने तत्काल जिला कलेक्टर सुश्री गुंजा सनोबर ,जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री व अन्य विभागों को फोन लगाकर फोन पर चर्चा कर तत्काल ग्राम मांजनी की मूलभूत सुविधाओं को जुटाने के लिए कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 10 दिन के भीतर नलकूप खनन कर हैंडपंप लगाने के निर्देश दिए ,जिला पंचायत कार्यपालन अधिकारी को













जल संग्रहन हेतु तालाब बनाने व रोजगार मूलक कार्य शिघ्र प्रारम्भ करने हेतु कहा ।जनपद पंचायत पानसेमल के कार्यपालन अधिकारी को माँजनी ग्रामवासियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। यह पहला अवसर था जब स्वतंत्रता के बाद कोई विधायक इस ग्राम पहुंचा ।खेतिया क्षेत्र की ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलगांव का यह गांव है माँजनी,पंचायत के गांव दूर-दूर बसे हैं जिसमें जालीयापानी भी एक हिस्सा है जहां सिंचाई विभाग मप्र द्वार बनाया बड़ा बांध है जिसमे गाद भरने से जल संग्रहन की क्षमता बहुत कम हो गयी है ।ग्राम मांजनी के ग्रामीण विधायक की ओर एक टक देखते ही रहे जब विधायक में ग्रामीणों से बात कर उनके लिए मूलभूत सुविधाओं के लिए जिला प्रशासन से बात की तो उनके चेहरे पर प्रसन्नता दिखाई देने लगी ,इसी दौरान विधायक मांजनी को सड़क से जोड़ने के लिए बना रही देवगढ़ मांजनी सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे सड़क निर्माण में चल रही भारी अनियमितता को देखकर विधायक में तत्काल सड़क निर्माण के अधिकारियों को फोन लगाकर निर्माण स्थल पर उपस्थित होने के लिए कहा। वस्तु स्थिति यह है कि देवगढ़ से मंजनी को जोड़ने वाली सड़क पर मिट्टी की रेत से निर्माण कार्य चल रहा है ,पानी की तराई नही हो रही,स्तरहीन निर्माण सामग्री के उपयोग से हाथ लगाते ही निर्माण कार्य भरभराकर गिर रहा है,करोड़ो की लागत से हो रहे सड़क निर्माण मेंघटिया निर्माण सामग्री व स्तरहीन निर्माण के चलते विधायक बर्डे ने नाराजगी जताते हुए तत्काल अधिकारियों को बुलाया । ग्रामीण क्षेत्र का यह वह इलाका है जहां कोई जनप्रतिनिधि तो पहुंचता नहीं ऐसे में अधिकारी क्या पहुँचते होंगे??,इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी,ग्राम व ग्रामीणो के विकास की अपनी प्रतिबद्धता के चलते जब विधायक बर्डे पहुंचे तो ग्राम की वस्तु स्थिति व चल रहे घटिया निर्माण की पोल सामने आ गयी, ग्राम माँजनी पानसेमल विधानसभा क्षेत्र का सीमापवर्ती ग्राम है जिसकी सीमा बड़वानी विधानसभा क्षेत्र को लगती ।बड़वानी जिले का यह दूरस्त ग्राम मूलभूत सुविधाओं से वंचित जिसको लेकर विधायक बर्डे की पहल का ग्रामीणों ने स्वागत किया। विधायक बर्डे का कहना है कि ग्रामीणों के लिए सुविधाएं मिले इसके लिए हमारा प्रयास निरंतर है, में ग्राम मांजनी पहुंचा देवगढ़ से मांजनी सड़क का निर्माण घटिया किस्म से किया जा रहा है जिसमें मिट्टी की रेत व बगैर कोई मापदंड के कार्य होता दिखाई दे रहा है जिसकी जानकारी व शिकायत मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों को की गई ग्रामीणों के लिए मिलने वाली सुविधाओं में कोई कसर नहीं रखी जाएगी,निर्माण कार्य का स्तर ठीक होना चाहिये,,स्तरहीन होने वाले निर्माण कार्यों को लेकर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने से भी हम हिचकिचाएंगे नहीं। विधायक बर्डे के प्रवास के दौरान मंडल भाजपा अध्यक्ष रामचंद्र सोनीस जनपद प्रतिनिधि पंडित माली, विजय चौधरी,बालकृष्ण पाटिल, सहित अन्य कार्यकर्ता भी उनके साथ थे।

## विशाल कलश से शोभायमान हुआ महावीर मंदिर



खरगोन....मनोज मालविया....खरगोन पोस्ट आफिस चौराहा स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है ।आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के विहार के बाद नगर की जैन समाज सूनापन महसूस कर रहा हैं ।नगर के बीचों बीच स्थित महावीर मंदिर श्वेत मकराना मार्बल से निर्मित होने से सबको आकर्षित कर रहा हैं ,मंदिर जी में प्रतिमा स्थापना के बाद ध्वजदण्ड व कलश स्थापना की गई हैं ।कलश लगने के बाद मंदिर जी की पूर्णता हुई हैं । कलश स्थापन कर्ता सुनील रामनारायण जैन (तुलसी साड़ी) ने कहा कि उक्त मंदिर अस्सी वर्ष प्राचीन है। मेरे परिवार में दादाजी ,पिताजी, मैं व मेरे बच्चे प्रतिदिन मंदिर के दर्शन कर पुण्यलाभ लिया जाता हैं। वेदी प्रतिष्ठा समिति पदाधिकारियों ने सबका आभार व्यक्त किया।

# जिसके मन में जब तक राग द्वेष है, तब तक उसे ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती - साध्वीश्री तत्वलताजी

**मेघनगर ( सौरभ खेमसरा )परमात्मा को भी केवलज्ञान प्राप्त करने में 12.5 वर्ष का समय लगा, जिस व्यक्ति के जीवन में राग और द्वेष है, उसे कभी ज्ञान कि प्राप्ति हो ही नहीं सकती। राग और द्वेष को दूर करने का सबसे योग्य माध्यम है, अरिहंत परमात्मा की आराधना, क्योंकि अरिहंत परमात्मा वीतरागी है, समस्त प्रकार के राग, द्वेष, कषाय से मुक्त है, उनकी आराधना ही हमारा कल्याण कर सकती है। उक्त उद्गार पूज्य साध्वीजी श्री तत्वलताश्रीजी महाराज साहब ने आज मेघनगर में मंगल प्रवेश के अवसर पर व्यक्त किए। पूज्य साध्वीजी अपना वर्ष 2024 का चातुर्मास मेघनगर में पूर्ण कर यहां से विहार कर पुण्य सम्राट गुरुदेव श्रीमद विजय जयंतसेन सुरीश्वरजी महाराज साहब के पट्टधर वर्तमान गच्छाधिपति श्रीमद विजय नित्यसेन सुरीश्वरजी महाराज साहब आदि विशाल साधु साध्वी भगवंत की निश्रा में सिद्धवड पालीताणा में आयोजित उपधान तप आराधना में पहुंचे यहां से विहार कर अहमदाबाद, गोधरा, झालोद, कुशलगढ़, थांदला होते हुए आज मेघनगर पधारे। नगर प्रवेश पर समाजजनों ने पूज्यश्री का बाफना फाइबर्स से ढोल से मंगल प्रवेश करवाया। जहां से साईं चौराहा, दशहरा मैदान, शान्ति सुमतिनाथ मंदिर, आजाद चौक होते हुए ज्ञान मंदिर पहुंचे। यहां से विहार कर आप झाबुआ होते हुए पारा पहुंचेंगे और फिर वहां से मोहनखेड़ा पहुंचेंगे जहां आपकी निश्रा में 14 से 21 मई तक कन्या शिविर का आयोजन भी होगा।**





# खाद्य विभाग द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित किए गए

उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता रतलाम 17 अप्रैल 2025। कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा रतलाम जिले में जंक फूड स्ट्रीट फूड और फास्ट फूड विक्रेताओं एवं जूस विक्रेताओं की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्ट्रीट फूड वेंडर्स फास्ट फूड ,आइसक्रीम सेंटर जूस सेंटर के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई और दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। विक्रेताओं को स्वच्छता संबंधी निर्देश दिए एवं मोनोसोडियम ग्लूटामेट अजीनोमोटो) विनेगर



फ्लावर्स फूड एडिटीव्स तेल मसाले के अधिक उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य के नुकसान के प्रति भी जागरूक किया गया। दल द्वारा प्रेम की फैक्ट्री जावरा से बर्फ, कमल कुमार जेठानंद जावरा से जेएसी ऑरेंज कोल्ड ड्रिंक एवं बंबईया चौक बोर्ड माउथ फ्रेशनर, आइस फैक्ट्री जावरा रतलाम बेकर्स फैक्ट्री रतलाम कोल्ड ड्रिंक, वाह वडा पाव उपाध्याय मार्केट रतलाम से बेसन और सोयाबीन तेल का नमूना, अवि आइसक्रीम सेंटर से आइसक्रीम, जौनपुर जूस सेंटर फव्वारा चौक से आम रस का नमूना, गन्ने का जूस तथा पाइन एप्पल जूस के नमूने लिए गए। उक्त कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति मंडोरिया एवं ज्योति बघेल द्वारा की गई।

## किसान बोर की परमिशन के लिए न हो परेशान अब बोर खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध - एसडीएम

अजय बचले आमला। एसडीएम शैलेन्द्र बडोनिया ने अप्रेल को आमनागरिकों व किसानों से अपील की अब बोर अनुमति लेने परेशान न हो अब किसी को बोर खनन की अनुमति नही जाएगी इस लिए व्यर्थ अपना समय खराब न करे और परमिशन के लिए बैतूल आमला ऑफिसो के चककर न लगाए वही जिन लोगो को एक सप्ताह के भीतर अनुमति दी गई थी वह भी केंसिल कर दी गई है गोरतलब है की गर्मी के दिनों में संभावित जल संकट से निपटने के लिए बैतूल जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने बुधवार को आदेश जारी करते हुए जिले मे मानसून के आगमन तक बोर खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। जारी आदेश के अनुसार, इस अवधि के दौरान इस प्रतिबंध के तहत अब कोई भी व्यक्ति या संस्था को सक्षम प्राधिकरण की अनुमति नही दी जाएगी जिससे नया नलकूप (बोरवेल) नहीं खोद सकेगी, चाहे वह पेयजल के लिए हो या किसी अन्य उपयोग के लिए।

# कोंग्रेस ने परिसीमन को गैर संवेधानिक ओर विधि सम्मत नही होना बता राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।**ग्राम पंचायत और नगर निकायों के परिसीमन को गैर संवैधानिक और विधि सम्मत नहीं करने पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने ज्ञापन दिया। जानकारी देते हुए संगठन के ग्रामीण जिला अध्यक्ष गिरधारी लाल जाट ने बताया कि आज राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के बैनर तले राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत ने कहा कि राजनैतिक दबाव में प्रशासन कार्य कर रहा है और जनभावनाओं और ग्रामवासियों की मांग न मानकर मनमाने तरीके से गांव सम्मिलित किए जा रहे और पुनर्गठन कर रहे हैं इसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष भेरू लाल जाट ने कहा कि जिले में परिसीमन में सरकार के नुमाइंदे अपनी मनमर्जी करके संवैधानिक प्रक्रिया को धत्ता बता रहे है। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद पालीवाल ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा संविधान एवं विधि का पूरी तरह उल्लंघन करते हुए केवल राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर पंचायती राज एवं नगरीय निकायों का परिसीमन किया जा रहा हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर वर्ष 2019-20 में राजस्थान सरकार द्वारा पूरी विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए स्थानीय निकायों का परिसीमन किया जा चुका है। स्थानीय निकायों व पंचायतों के परिसीमन के नियमों में जनगणना को आधार बनाते हुए इसमें प्रशासन को बिना कोई तार्किक




आधार के मनमाने तरीके से 15% जनसंख्या को बढ़ाने अथवा घटाने की तानाशाही स्वविवेकीय शक्तियां प्रदान कर दी गई है। सत्ताधारी राजनीतिक दल पूरी तरह राजनीतिक दुरुपयोग कर रही है। राजस्थान सरकार के उक्त परिसीमन नियमों में निर्वाचन वार्डों की सीमांकन में भरपूर राजनीतिक दुरुपयोग किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 243 (श्र) व 243() में किसी भी परिस्थिति में स्थानीय सरकारों के 5 वर्ष के कार्यकाल समाप्ति के उपरांत कार्यकाल बढ़ाने अथवा चुनाव स्थगित करने का कोई भी प्रावधान नहीं है। उपर्युक्त तथ्यों से बिल्कुल स्पष्ट होता है कि राजस्थान सरकार का पंचायती राज और स्थानीय निकायों के समयबद्ध चुनावों को स्थगित करके राजनीतिक आधारों पर परिसीमन करने की कार्यवाई अतार्किक, गैर संवैधानिक एवं विधि विरुद्ध है। इसे लेकर जनमानस में भारी असंतोष है। और आए दिन देखा जा रहा है ग्रामीणों और नगर पालिका क्षेत्र की जनता में भरी रोष व्याप्त है और प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि यथाशीघ्र इस संविधान एवं विधि विरुद्ध परिसीमन आदेश एवं प्रक्रिया पर रोक लगाकर, संविधान का संरक्षण करते हुए पंचायतों एवं स्थानीय निकायों के समयबद्ध चुनाव प्रक्रिया को सुनिश्चित करवाने के लिए राज्य सरकार एवं राज्य निर्वाचन आयोग को निर्देशित करने का कष्ट करें। इस मौके पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद पालीवाल, प्रदेश सचिव संभाग सह प्रभारी पंकज उपाध्याय, ग्रामीण जिला अध्यक्ष गिरधारी लाल जाट, शहर जिला अध्यक्ष राजेश सोनी,संगठन महामंत्री महेंद्र शर्मा,महामंत्री शंभू लाल प्रजापत,प्रदीप पुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, बस्सी मंडल अध्यक्ष दिनेश सोनी, भदेसर अध्यक्ष महावीर सिंह राव, विजय चौधरी,जिला महामंत्री अरुण कंडारा, देवी लाल गुर्जर,पूर्व पंचायत समिति सदस्य अकरम हुसैन,मुकेश मेनारिया, शांति लाल मेनारिया, मंडल महामंत्री कमलेश ईनाणी, अंकुश सुराणा,युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, एनएसयूआई जिला प्रतिनिधि रवि जायसवाल, छात्र प्रतिनिधि अविनाश आचार्य आदि कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## छोटे गांवो में भी सटोरियों की धूम, आईपीएल पर रोज लग रहे करोड़ो के सट्टे, युवाओं का भविष्य दलदल में

**शंभूपुरा। ओम जैन शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ जिले में निम्बाहेड़ा जो सट्टाबाजी में प्रथम स्थान पर आता था अब छोटे छोटे गांव भी इसका शिकार होने लगें है, गांवो में आईपीएल के सट्टाबाजी की धूम मची हुई है, जिन्हें राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है, जिसके चलते पुलिस कार्यवाही भी नही हो पा रही जिससे इनके होंसले ओर अधिक बुलन्द हो रहे है। विश्वशनीय सूत्रों से जानकारी में सामने आया कि शंभूपुरा थाना क्षेत्र में राजनीतिक संरक्षण में बेखोफ सट्टाबाजार पनप रहा है जिसमे मुख्यत: सावा कस्बा, गिलूंड ओर शंभूपुरा से जुड़े आसपास के करीब आधा दर्जन गांवों में बेरोकटोक सट्टेबाजी से युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है।



**मुम्बई तक जुड़े है इनके तार** सावा ओर गिलूंड गांव जो दोनों ही शंभूपुरा थाने में आते है, जानकारी में सामने आया कि यहाँ पर जो सट्टेबाजी हो रही है उन सटोरियों के तार मुम्बई तक जुड़े हुए है, ओर बड़े स्तर पर सट्टेबाजी का यह बर्बादी का सारा खेल सफेदपोश के पीछे हो रहा है, जहाँ अभी तक पुलिस का पहुचना भी सम्भव नही हो पाया है।

**सट्टेबाजी का केंद्र बना हुआ है सावा कस्बा** जिले के शंभूपुरा थाने का सावा कस्बा वैसे भी हमेशा सुर्खियों में रहा है लेकिन पिछले कुछ सालों ओर विशेषकर इस आईपीएल सीजन में सट्टेबाजी को लेकर जिले में सट्टेबाजी के सबसे बड़े बाजार के रूप में उभरकर आया है जो सीधा सीधा युवाओ का भविष्य बर्बाद करने का खेल चल रहा है, जिस पर अभी तक तो जिला पुलिस लगाम लगाने में कामयाब नही हो पाई है।

**राजनीतिक संरक्षण में युवाओं का भविष्य हो रहा बदनाम** जिले में हो रही क्रिकेट सट्टेबाजी में शंभूपुरा थाना क्षेत्र निम्बाहेड़ा के बाद दूसरा बड़ा केंद्र बिंदु बन गया है, यहाँ सट्टेबाजी खुलेआम चल रही है जिन्हें राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है यहाँ तक कि यहाँ के स्थानीय नेताओं से लेकर जिला मुख्यालय तक ने बड़े नेता अपना भरपूर संरक्षण देकर इस बर्बादी के खेल से युवाओं का भविष्य बर्बाद करने में अपना योगदान दे रहे है, जिसमे सावा ओर गिलूंड का नाम प्रमुखता से है।

**पूर्व में कई युवा कर चुके आत्महत्या** शंभूपुरा क्षेत्र की बात करे तो पिछले कुछ सालो में ही आधा दर्जन से अधिक युवाओं ने आत्महत्या कि है, जिसके पीछे भी कही ना कही ऐसे ही कारण होना सामने आया है, बाबजूद इसके प्रसासन द्वारा ऐसा कोई कड़ा कदम अब तक भी नही उठाया जा सका।

**बर्बादी का यह खेल, घर फूँक तमाशा देखने जैसा** आईपीएल में सट्टेबाजी पूरी तरह से बर्बाद का खेल बन चुका है इस बात से इनकार नही किया जा सकता है, ओर बर्बाद युवा अब इस हद तक गिर रहे है कि किसी भी प्रकार से बस सट्टेबाजी जारी रखनी है, चाहे उसके लिए उन्हें अपने ही घर से पैसे या आभूषण ही क्यो ना चुराने पड़े, इससे भी ये नही कांपते है, ऐसे मामले भी पूर्व में सामने आ चुके है।

इससे जहाँ एक ओर ये बुकी अपना घर भरने के लिए दूसरों का घर फूँक रहे है वही क्षेत्र की बोली भाली जनता अब बस प्रसासन से ऐसे जघन्य अपराधों पर रोक लगाने की आस लगाए बैठी है।

## जबेरा विधानसभा स्तरीय नाईट कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ समापन मंत्री श्री लोधी ने वितरित किए पुरस्कार







जबेरा विधानसभा के नगर नोहटा में नाईट कबड्डी टूर्नामेंट का समापन हो गया है इस आयोजन में विधानसभा के छोटे छोटे गांवों से 32 टीमों ने सहभागिता और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ। इन दिनों मंत्री के अनुज नीतेन्द सिंह निरंतर अलग अलग स्थानों पर खेलों का आयोजन करा रहे हैं और युवाओं को मंच प्रदान कर रहे हैं। नीतेंद्र सिंह ने बताया कि माननीय मंत्री जी के निर्देशन में विधानसभा में निरंतर खेलो का आयोजन किया जा रहा है इसके पहले नोहटा एनपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, तेंदूखेड़ा में टीपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, नोहटा में वॉलीबॉल टूर्नामेंट जैसे खेलों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है जिससे अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं और खेलों को प्रति सभी के बीच रुचि बनी हुई है खेलों के माध्यम से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास किया जा सकता है। मंत्री श्री लोधी ने बताया कि इस आयोजन तेंदूखेड़ा एवं करौंदी (पड़रिया) के बीच खिताबी मुकाबला हुआ जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए करौंदी ने विजय प्राप्त की।। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 06 अप्रैल 2025 को किया गया जो 10 दिन तक चला जिसमें 32 टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अंतिम दिवस विजेता एवं उपविजेता अपनी कड़ी मेहनत के दम पर फाइनल तक पहुंची। इस आयोजन के संरक्षक मेरे अनुज नीतेन्द्र सिंह जी एवं उनके समस्त सहयोगियों के द्वारा इस आयोजन में निरंतर मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया मैं समस्त सहयोगी एवं अनुज को बहुत बधाई शुभकामनाएं देता हूं।खेलों के माध्यम से युवाओं को निरंतर जबेरा विधानसभा में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं आने वाले समय में युवा खिलाड़ी अपने ग्राम माता-पिता सहित प्रदेश में अपना नाम रोशन करेंगे जिससे हम सभी गौरवान्वित होंगे।। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं करता हूं। टूर्नामेंट में अपना सहयोग प्रदान कर रहे टेक्निकल टीम, अंपायर,कोच,कॉमेंटेटर एवं समस्त समिति और सहयोगियों काम में सहृदय धन्यवाद ज्ञापन करता हूं।। आप सभी की मेहनत से कार्यक्रम सफल और चर्चित बना हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से सत्येंद्र सिंह, विनोद बाजपेई विकासखंड शिक्षा अधिकारी , भाव सिंह लोधी,सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन,मूरत सिंह, सत्यपाल सिंह, संत कुमार पाल, बंटी दुबे, रोहित जैन, संग्रामसिंह, मनोहर सिंह जी सहित कमेटी के सदस्य एवं क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।।

## रतलाम के थाना आलोट क्षेत्र में रात्रि के समय उदयपुर से इटारसी जा रहे दंपति की कार हुई खराब, पुलिस जवानों द्वारा एफ आर व्ही वाहन से दंपति को इटारसी जाने के लिए विक्रमगढ़ आलोट रेल्वे स्टेशन पहुँचाया गया



अनिल भरावा आलोट- रतलाम के थाना आलोट के अंतर्गत कलसिया गाँव के पास कॉलर की कार खराब हो गयी है, कॉलर के साथ उनका परिवार है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 16-04-2025 को रात्रि 11:16 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल आलोट थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक किशन लाल पायलेट पवन बाघेला ने मौके पर पहुँचकर बताया कि उदयपुर से इटारसी जा रहे दंपति की कार कलसिया गाँव के पास खराब हो गयी थी। आसपास से कोई सहायता नहीं मिलने पर अजय अग्रवाल जी ने डायल-112/100 पर कॉल कर मदद माँगी थी। काफी प्रयास के बाद कार के स्टार्ट न होने पर पुलिस जवानों द्वारा एफ आर व्ही वाहन से दंपति को विक्रमगढ़ आलोट रेल्वे स्टेशन पहुँचाया गया जहां से दंपति ट्रेन द्वारा रात्रि में इटारसी के लिए रवाना हुए । अजय अग्रवाल एवं उनकी पत्नी द्वारा देर रात हाईवे पर सहायता के लिए डायल-112/100 पुलिस जवानों का आभार व्यक्त किया गया ।

## नरेंद्र सिंह सोलंकी एवं अश्विन जायसवाल मित्र मंडल द्वारा स्वागत किया गया

**उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता** पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्रा ने बुधवार को मुंबई मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में 2024 - 2025 विभिन्न विभागों एवं उत्पादन इकाइयों में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले रतलाम मंडल के अधिकारियों को पुरस्कृत किया जिनका रतलाम आगमन पर स्वागत नरेंद्र सिंह सोलंकी एवं अश्विन जायसवाल मित्र मंडल



द्वारा किया गया जिनमें बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे जिनमें रणजीत सिंह परिहार, शक्ति सिंह राठौर,राजेंद्र सिंह सोलंकी, विजय सिंह पवार, राजरतन डोंगरे, कमलेश मिश्रा अभिषेक कुमार, फारुक खान जगदीश कौशल, राजेश माथुर, राजेंद्र शर्मा,अजय जेदिया, चंदन कुमार, हिम्मत यादव,संतोष बैरवा, मिथुन सोलंकी, सोनू वाघेला,नेहा , प्रियंका , डॉल्फिन , एवं अधिक संख्या में रेल कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे यह जानकारी नरेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा प्रदान की गई

# जावद का आम रास्ता की सडक पर नाली पर लगी लोहे की जाली, नारायण सोमानी की मांग पर जनसमस्या हुई हल

जावद । नगर में छोटी, बडी जनसमस्या हल तो होती है लेकिन बडी मशक्कत करने के बाद एसा ही एक नजारा 17 अप्रैल 2025 गुरूवार को देखने को मिला जहां प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी के सफल प्रयासो एवं बार बार सौशल मीडिया, प्रिंट मीडिया पेपरो में मांग पर बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतिक्षालय के पीछे वार्ड नंबर 4 जाने वाला मुख्य मार्ग की नाली पर ठेकेदार विकास धाकड ने मजदूरो को भेजकर लोहे की जाली लगाकर कई महीनो से आ रही जनसमस्या हल की। नाली पर लोहे की जाली लगने पर प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी, संदीप बाफना, जिनेंद्र चंदेल, राजू कोली, कन्हैयालाल वीरवाल जैन, अर्जुन चंदेल सहित आसपास क्षेत्र के रहवासियों ने नगर परिषद जावद सहित सभी सबंधित अधिकारियों का धन्यवाद माना। आपको बतादे कि धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी रहने वाले प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी ने प्रेस नोट जारी करते हुए सौशल मीडिया, प्रिंट मीडिया पर कहा वार्ड नंबर 4



चंदेल किराना, राजू कोली मकान के पास नाली पर लौहे की जाली छोटी और नीचे दबने के कारण प्रतिदिन आने जाने स्कूली बच्चें, पैदल आने जाने राहगीर, वाहन चालको को कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है साथ ही आए दिन दुर्घटना होने का भी अंदेशा रहता है। यही रोड बैंगनपुरा, खटिक मौहल्ला, नामदेव मार्ग, तकिया चौक, जोगणिया माता चौराहा, बैंगनपुरा, पुराना थाना मौहल्ला, धानमंडी, सराफा बाजार, भंवरिया गली, झंडागली जाने का मुख्य मार्ग होकर आम रास्ता है, इसी रोड से सुबह से शाम तक महिला, पुरूषो, युवाजनो का आना जाना रहता है। प्रेस पत्रकार सेवा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सोमानी, संदीप बाफना ने एसडीएम प्रीति नाहर संघवी, नगर परिषद सीएमओ जगजीवन शर्मा, इंजिनियर बलवंतसिंह ठाकुर सहित सबंधित अधिकारीयों से मांग की थी इस रोड पर सडक बनवाए नही तो इसके पहले नाली पर लौहे की जाली सडक के सटिक लगाकर समस्या हल करके जनसमस्या से निजात दिलाए। विभिन्न पेपरो मे खबर आने के बाद जननेता नारायण सोमानी की एक और जनहित की मांग पूरी होते हुए दिखाई दी।

# तुलसा बाई पटेल का 101 वर्ष की आयु में हुआ देवलोक गमन

**संजय आचार्य** ( भजनों को गाते हुए बैंड बाजे आतिशबाजी करते हुए डोली में बिठाकर दी पटेल परिवार ने अंतिम बिदाई,समाज रिश्तेदारों सहित जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने अर्पित की श्रृद्धांजलि) ख़रसौदकला नगर के प्रतिष्ठित पटेल परिवार की अग्रज पूर्व सरपंच स्व.श्री उच्छबलाल जी की धर्मपत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेश पटेल ,पूर्व मंडी अध्यक्ष सुरेश पटेल एवं पूर्व उप सरपंच ख़रसौदकला महेंद्र पटेल ( लाला ) की माता जी, तथा अभिभाषक लोकेंद्र पटेल एवं किसान नेता देवेश पटेल की दादीजी श्रीमती तुलसा बाई का देवलोक गमन 101 वर्ष की आयु में दिनांक 16/04/2025 को हो गया था।जिनकी अंतिम संस्कार यात्रा उनके निज निवास से डोल सजाकर गुरुवार को सुबह 10 बजे बैंड बाजों के साथ आतिशबाज़ी करतें हुए निकाली गई जिसमें हजारों लोगों ने सम्मिलित होकर श्रृद्धांजलि अर्पित की । मुखाग्नि पुत्र महेश पटेल एवं पटेल परिवार के अन्य सदस्यों ने देकर अंतिम संस्कार स्थानीय शमशान घाट पर किया गया।शोकसभा का संचालन करते हुए ललित जानी ने दिवंगत माता श्री के व्यक्तित्व कृतित्व पर





विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि माता जी का जीवन काफ़ी सरल एवं सहज रहा है तथा इनका व्यक्तित्व कृतित्व सभी माता बहनों के लिए पथ प्रदर्शक रहते हुए सभी के दु:ख सुख की घड़ी में साथ में रहा,आप बहुत ही धार्मिक प्रवर्ती के रहते हुए अधिकांश समय पूजा पाठ तथा समाज सेवा में व्यतीत करते रहे हैं ।

शोक सभा को संबोधित करते हुए श्री कैलाश पटेल धराड़,, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह सोलंकी,श्री अशोक राठौड़ बड़नगर, श्री जीवन पटेल कोद,श्री ईश्वरदयाल अग्निहोत्री उज्जैन, श्री रमाकांत मोसारिया बिड़वाल,शिक्षक श्री जानकीलाल चौहान,श्री घनश्याम जी सर,महादेव दादू एवं शांतिपाठ श्री नारायण जी पटवा द्वारा करते हुए श्रृद्धांजलि अर्पित की।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्कूल एवं धार्मिक स्थलों पर सकोरे लगाए जाने की पहल

**धर्मेश सोनी पेटलावद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (क्क्ङ्क्क) द्वारा पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्थानीय स्कूलों एवं धार्मिक स्थलों पर सकोरे (पानी के बर्तन) लगाए गए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और जीवों की सेवा की भावना को प्रेरित करता है। नगर मंत्री हर्षित चौहान के नेतृत्व में यह आयोजन संपन्न हुआ। उनके साथ कॉलेज अध्यक्ष गौरव बलौरिया तथा अन्य कार्यकर्ता भी इस कार्य में सक्रिय रूप से शामिल रहे। अभियान की शुरुआत नगर के एक प्रमुख महाविद्यालय व विद्यालय से की गई।परिषद के कार्यकर्ताओं ने वहां उपस्थित बच्चों को अभियान का महत्व समझाया। स्कूल परिसर में कई स्थानों पर सकोरे रखे गए।इसके बाद धार्मिक स्थलों पर जाकर पक्षियों के लिए जल पात्र लगाए गए एवं थाने व नगर के कई स्थान पर सकोरे लगाए गए।परिषद के कार्यकर्ताओं ने वहां साफ-सफाई कर जल भरे सकोरे स्थापित किए। नगर मंत्री हर्षित चौहान ने कहा कि यह सेवा अभियान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।कॉलेज अध्यक्ष गौरव बलौरिया ने युवाओं से इस कार्य से जुड़ने की अपील की। परिषद कार्यकर्ताओं ने






स्थानीय लोगों को भी सकोरे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि गर्मियों में पक्षियों को पानी मिलना अत्यंत आवश्यक होता है। कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक सकोरे में ताजे पानी की व्यवस्था की। स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने इस पहल की सराहना की।धार्मिक स्थल के पुजारियों ने परिषद का आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि प्रत्येक सप्ताह सकोरों में पानी भरेंगे।यह अभियान पूरे नगर में चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य केवल पक्षियों की सेवा नहीं, जनजागृति भी है।(क्क्ङ्क्क ने इसे 卐जीव सेवा ही धर्म है卐 अभियान का नाम दिया। स्थानीय मीडिया ने भी इस पहल को प्रमुखता से कवर किया । परिषद ने भविष्य में वृक्षारोपण जैसे अन्य पर्यावरणीय अभियानों की भी योजना बताई।

# जिला अभिभाषक संस्थान व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओर महावीर इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वाधान में न्यायालय परिसर में बांधे परिंडे

**शंभूपुरा ।ओम जैन शंभूपुरा ।**17 अप्रेल को जिला अभिभाषक संस्थान चितौड़गढ़ के अध्यक्ष एसपी सिंह राठौड़ ने संस्थान के हितार्थ एवं अधिवक्ताओं के हितों में लगातार कार्य करते हुए आज पर्यावरण व पक्षियों को बचाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महावीर इंटरनेशनल शाखा चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनील कुमार गोयल, महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष अभय कुमार संचेती के आतिथ्य में तीखी गर्मी के मौसम में न्यायालय परिसर में 50 से अधिक पेड़ों पर परिंडे बांधकर पानी भरकर पक्षियों को बचाने का परोपकारी कार्य कर पक्षियों को राहत देने का कार्य किया।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष एसपी सिंह राठौड़ ने कहा कि हम संस्थान के सभी अधिवक्तागण यह संकल्प लेते हैं कि प्रत्येक अधिवक्ता नियमित रूप से न्यायालय परिसर में बांधे गए परीडो में पानी भरकर पक्षियों को बचाएंगे और यह संकल्प भी लिया कि प्रत्येक अधिवक्ता अपने-अपने घरों पर पक्षियों को गर्मी के इस मौसम में परिंडे बांधकर पानी पिला कर दाना डालकर बचाने का सेवा कार्य करेंगे इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के पदाधिकारी ने अधिवक्ताओं को अपने घरों पर बांधने के लिए परिंडे वितरित किए।

इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष अनुराग दाधिच सचिव हिमांशु कीर कोषाध्यक्ष संदीप सेठिया पुस्तकालय अध्यक्ष शुभम सुखवाल, पूर्व अध्यक्ष श्याम शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, सावन श्रीमाली, शैलेंद्र सिंह राव, महावीर इंटरनेशनल के चंद्र प्रकाश जैन, प्रकाश पोखरना, एडवोकेट नरेन्द्र पोखरना गिरीराज राठौड राजेशगिरी गोस्वामी राधेश्याम खटीक रघुवीर सिंह राणावत ललित जोशी लोकेंद्रसिंह राणावत भारती गहलोत पूजा मेनारिया मोनिका परिहार सुनीता बुनकर आंचल शर्मा दर्शना आर्य जशोदा




वैष्णव निशा बानो रवि बाथरा अबरार खान राधेश्याम तेली राजू गिरी आशीषगिरी कर्मराज प्रजापत गिरीश दीक्षित रमेशचंद्र टेलर रोहित खटीक धर्मेंद्र जैन गौरव टेलर युवराज सिंह पवार कौशलराज सिंह चंद्रप्रकाश शर्मा आदि अधिवक्तागणों ने उपस्थित होकर परिंडे बांधे।

# हिनौती पंचायत में घटिया रेत गुणवत्ता हीन सामग्री लगाकर नाली का निर्माण किया जा रहा हैं उपयंत्री जी मोन है

## अब देखना यह होगा कि CEO साब कितने जल्दी मेटर को संज्ञान में लेते है

**जिला ब्यूरो - किसान पुत्र पुष्पेंद्र सिंह लोधी** दमोह जिला के पटेरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनौती में जमकर भ्रष्टाचार देखने को मिला । आपने देखा होगा कि एक तरफा सरकार पंचायतों में अनेकों योजनाएं चलाई जाती है करोड़ों रुपए राशि खर्च करती है के जनता तक सभी योजना का लाभ पहुंच सके। लेकिन उन योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंच पाता है क्योंकि सरपंच सचिव व उपयंत्री की मिलीं भगत योजनाओं के नाम पर जनता को ठेंगा पकड़ा दिया जाता हैं और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना भ्रष्टाचार की भेट चढ़ जाती हैं जनता कल परेशान थी और जनता आज भी परेशान हैं और सचिव सरपंच व उपयंत्री बची हुई राशि का बन्दर बाट कर लेते है तभी तो 5 साल बाद देखो सरपंच व सचिव व उपयंत्री जी के ठाट बाट न्यारे दिखने लगते है ऐसा ही एक मामला पटेरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनौती में मामला में देखने को मिला है जहां पर पंचायत द्वारा नाली तो बनाई जा रही हैं लेकिन लीपा पोती करके बनाई जा रही है सरकार लाखो रुपए राशि स्वीकृत करती हैं ताकि सरपंच निमार्ण एजेंसी अच्छी उच्य क्वॉलिटी की सामग्री लगाकर अच्छे पंचायत











में काम किए जाए। लेकिन ऐसा होता नहीं है ऐसा ही पटेरा जनपद के हिनौती पंचायत में सरपंच व सचिव की भगत से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा हैं क्योंकि नाली निर्माण कार्य रोड के पास कुआं से चौधरी मोहल्ला की ओर नाली निर्माण का कार्य चल रहा हैं जिसमें गुणवत्ता हीन घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जैसे मिट्टी वाली नाले की रेत का उपयोग किया जा रहा हैं जो रेत नाली में लगाई जा रही हैं वह नाले की रेत है जिसमें कई प्रकार का कचड़ा देखने को मिला और जब रेत के सैंपल को पानी में धोकर देखा तो रेत में 30 से 40% मिट्टी देखने को मिली है जब इसके बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली तो ग्रामीण नाम प्रेमबाई, एवं आस्था ने बताया है कि हमारी पंचायत में जो भी कार्य किया जा रहा हैं सभी में ऐसी ही घटिया सामग्री देखने मिलती हैं जब इस मेटर के बारे मे पटेरा जनपद CEO को जानकारी दी

**( CEO का कहना है )** ठीक है आप लिखित में शिकायत दे दीजिए हम जल्द ही 2 लोगों की टीम भेजकर जांच कराते है अगर गलत पाया जाता है तो पूरा काम निरस्त कर दिया जाएगा।

**शिकायत करता पुष्पेंद्र सिंह लोधी**

## जनपद पंचायत चन्द्रशेखर आजाद नगर के अध्यक्ष, पद का (सम्मिलन) निर्वाचन कार्य सम्पादित कराने पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए गए

अलीराजपुर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने बताया कि मध्यप्रदेश पंचायत (अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 एवं म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 32, 25 एवं मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के परिपालन में जनपद पंचायत चन्द्रशेखर आजाद नगर के अध्यक्ष, पद का (सम्मिलन) निर्वाचन कार्य सम्पादित कराने के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री सखाराम यादव को पीठासीन अधिकारी एवं प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वेरसिंह मुझाल्दा को सहा.पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है । नियुक्त पीठासीन अधिकारी नियत दिनांक को आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार उपर्युक्त कार्यवाही सम्पादित करते हुए मुख्यालय को प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे।





## कनेरा में तीन दिवसीय नानी बाई को मायरा की कथा हुई प्रारम्भ, पहले दिन कथा में सुश्री जयमाला दीदी ने कहा श्री कृष्ण भक्ति प्रेम ओर विश्वास की कथा, हिंदूवादी नेता नारायण सोमानी भी हुए शामिल

**गोपाल नरवाडिया** अठाना। समीप राज राजस्थान के कनेरा में श्री राधा कृष्ण मंदिर जिर्णोद्धार एवं भव्य प्राण प्रतिष्ठा शिव परिवार, 7 दिवसीय 5 कुण्डीय महायज्ञ 14 अप्रैल को प्रारम्भ हुआ। इसी अंतर्गत 17 अप्रैल गुरुवार को कथा प्रवक्ता सुश्री जयमाला दीदी वैष्णव (निलिया वाले) के मुखारविंद से संगीतमय तीन दिवसीय कथा प्रारम्भ हुई। प्रेस क्लब जावद संरक्षक एवं हिंदूवादी नेता नारायण सोमानी कनेरा जाकर कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ लिया। सुश्री जयमाला दीदी ने प्रथम दिन की कथा में कहा भक्त भगवान ये आत्मा से परमात्मा के मिलन का मार्ग है, प्रभु भक्ति निष्काम भाव से जो अपने जीवन में नाम जप करना, हर एक जीव के प्रति दया करूणा एवं विनम्रता पुर्वक यदि हम अपने आचरण में लाते हैं निश्चित परमात्मा उस आत्मा का कल्याण करते हे, नरसी मेहता बाल्यकाल से रात, दिन प्रभु की भक्ति में लगे रहे, दुनिया कुछ भी





कहे क्या लेना देना अपने तो परमात्मा से काम नरसी यानी नर में नारायण हम हर एक जीव में जब परमात्मा को छवि को देखते हैं तो हमे उनके दर्शन हो जाते हैं, भक्ति करना है तो नरसी जैसे करो भगवान द्वारिकाधिश 52 बार पृथ्वी पर दर्शन देने आए। कथा के दौरान प्रेस क्लब जावद संरक्षक एवं हिंदूवादी नेता नारायण सोमानी सहित आसपास क्षेत्र के रहवासी, महिला, पुरूष, भक्तजन मौजूद थे। आयोजनकर्ता श्री राधा कृष्ण मंदिर पचोलिया धाकड़ समाज कनेरा वालो ने बताया है कि तीन दिवसीय नानी बाई को मायरा की कथा दिनांक 19 अप्रैल 2025 तक समय दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक इसी दौरान सभी भक्तजन सादर आमंत्रित।

### ''ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 28 अप्रैल से प्रारंभ''

**पुलिस अधीक्षक सोमवंशी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न**

दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रशिक्षण शिविर के संबंध में आज समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में हॉकी, खो-खो, कबड्डी, बॉस्केटबाल, वालीबॉल, हैण्डबाल, फुटबाल, ताईक्वान्डो आदि खेल आयोजित होंगे। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले खिलाड़ी की आयु 12 से 18 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इसी प्रकार विकासखण्ड मुख्यालयों में 02 स्थानीय प्रचलित खेलों का आयोजन ग्रामीण युवा समन्वयकों के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में जिला खेल संघों के पदाधिकारी, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग के क्रीडा अधिकारी एवं विभागीय प्रशिक्षक/ग्रामीण युवा समन्वयक उपस्थित थे खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2025 का आयोजन 28 अप्रैल से 27 मई 2025 तक प्रातः 06 से 08 बजे के मध्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र एसपीएम नगर दमोह, हॉकी एस्ट्रोटर्फ परिसर सिविल वार्ड स्टेडियम दमोह, पुलिस अस्पताल खेल मैदान, जेपीबी स्कूल खेल मैदान एवं समस्त विकासखण्ड मुख्यालयों पर किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी सिविल वार्ड स्थित जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय से रजिस्ट्रेशन फार्म प्राप्त कर प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है, अधिक जानकारी हेतु विभागीय प्रशिक्षक रियाजउद्दीन राईन मो. 9425628538 एवं शैलेन्द्र चौधरी ब्लाक युवा समन्वयक मो. 9340834613 पर संपर्क किया जा सकेगा।

## अलीराजपुर जिले की किसी भी अशासकीय विद्यालय में संचालित पुस्तकें, बेल्ट, टाई एवं शैक्षणिक सामग्री एक ही चिन्हित दुकान से बिक्री नहीं की जावें कलेक्टर डॉ बेडेकर

**संजय राठौर जिला ब्यूरो**अलीराजपुर- निजी विद्यालयों द्वारा पाठकों पर अनुचित दबाव बनाने जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही के संबंध में विकासखंड स्तरीय जांच दल का गठन किया गया - कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के निजी विद्यालयों द्वारा पाठ्यपुस्तकों, यूनिफार्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री के क्रय हेतु पाठकों पर अनुचित दबाव बनाने जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही के संबंध में निर्देश जारी किये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में जिले में संचालित मान्यता प्राप्त संस्था / सीबीएसई विद्यालयों के निरीक्षण हेतु दलों का गठन किया गया है । इस दल को आदेशित किया गया है कि किसी भी अशासकीय विद्यालय में संचालित पुस्तकें, बेल्ट, टाई एवं शैक्षणिक सामग्री एक ही चिन्हित दुकान से बिक्री नहीं की जावें, खुले बाजार से विक्रय की जाने , विद्यालयों के सूचना बोर्ड में विक्रय सामग्री की दुकानों के नाम अंकित किये जाये एवं विद्यालयों के द्वारा संचालित पोर्टल पर भी दुकानों की सूची प्रकाशित की जाए ,समस्त अशासकीय विद्यालयों की फीस की जानकारी कक्षावार एजूकेशन पोर्टल पर अपलोड की जावे एवं सूचना पटल पर भी कक्षावार विस्तृत विवरण के साथ दर्शित की जाये । गठित दलों को निर्देशित किया गया है कि अपने अपने कार्य क्षेत्र में संचालित अशासकीय विद्यालयों में निर्धारित पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें क्रय सामग्री क्रय करने हेतु पालकों पर अनुचित दबाव बनाये जाने के संबंध में संचालित अशासकीय विद्यालयों का निरीक्षण करें एवं अशासकीय विद्यालयों के संबंध प्राप्त शिकायतों का निराकरण करें एवं दोषी पाये जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव सहित जानकारी अनिवार्यतः रूप से मुख्यालय को प्रस्तुत करें । इस जांच दल में तहसीलदार , विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक सदस्य के रूप मे कार्य करेंगे ।



कलेक्टर डॉ अभय अरविन्द बेडेकर

# भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**भू अधिग्रहण संशोधन ड्राफ्ट के मामले में रखा किसानों का पक्ष रखा**

**किसान की सलाह व विश्वास में लिए बिना न हो भूमि अधिग्रहण- भारतीय किसान संघ**

**पर्वत सिंह राजपूत** भोपाल । भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने किसानों की समस्याओं व मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा विधानसभा में पारित भू अधिग्रहण संशोधन ड्राफ्ट के विषय पर किसानों की शंकाओं व उनके पक्ष को मजबूती के साथ रखा। किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार को कृषि व किसान के लिए नीतिगत निर्णय करते समय किसान को विश्वास में लेना चाहिए। किसान व किसानों के संगठनों से भी सलाह लेकर उससे प्रभावित होने वाले पहलुओं पर चर्चा करना चाहिए। बैठक में हुई चर्चा की जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर ने बताया कि भारतीय किसान संघ के तीनों प्रांतों, प्रदेश व अखिल भारतीय पदाधिकारियों के सामने सरकार के अधिकारियों ने मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक 2025 का प्रजेंटेशन रखा। जिसके बाद किसान संघ ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में सुझाव रखे। किसान की सलाह व सहमति के बिना विकास परियोजना के लिये भू अधिग्रहण न किया जाये। अधिग्रहित भूमि पर विकसित होने वाली परियोजना की समय सीमा तय की जाये। तय सीमा में परियोजना पूर्ण न होने पर भूमि किसान को वापिस की जाये या वर्तमान बाजार मूल्य से मुआबजा दिया जाये।. नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में भूमि मालिक को विकसित भूमि का 60 प्रतिशत हिस्सा दिया जाये. यदि 5 एकड़ से कम जोत वाले छोटे किसान की लेंड पुलिंग एक्ट में पूरी जमीन अधिग्रहीत किये जाने पर परियोजना पूर्ण होने तक किसान को जमीन का किराया दिया जाये! जनजातीय क्षेत्रों में विकास परियोजनाओ के लिये भू अधिग्रहण करते समय वहां की सांस्कृतिक, सामाजिक परंपराओं और धरोहरें प्रभावित न हो। इसका ध्यान रखा जाये।शासन के मानक अनुसार लेंड पुलिंग एक्ट योजना में पूर्ण विकसित भूमि व्यवसायिक व आवासीय में 60 प्रतिशत जमीन भूमि स्वामी व 40 प्रतिशत अन्य डेवलपर को दी जाये।. विकास परियोजना के लिये भू अधिग्रहण के दौरान किसान को बाजार मूल्य का 4 गुना मुआवजा दिया जाये।भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसान



के परिवार के एक सदस्य को शैक्षणिक योग्यतानुसार परियोजना में नौकरी दी जाये। किसी व्यवसायिक परियोजना में भू अधिग्रहण किये जाने पर परियोजना से प्राप्त कुल लाभांश का 20 प्रतिशत भू स्वामियों में बांटा जाये।. किसानों की जमीन अधिग्रहित कर उद्योगों को न दिया जाये! जनहित में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित भूमि स्वामियों की सलाह लेकर ही परियोजना विकसित की जाए। केवल राजपत्रित अधिकारी की राय को ही जनहित न माना जाएं। सिंचित बहु फ़सली वाली किसान की भूमि को अधिग्रहण न किया जाए! भूमि अधिग्रहण जिस उद्देश्य के लिए किया जा रहा उसकी डीपी आर सार्वजनिक रखी जाए! भू अधिग्रहण के समय जिस उद्देश्य के लिए भूमि अधिग्रहित की गई है। अधिग्रहण होने के बाद वह उद्देश्य परिवर्तन नहीं होना चाहिए और न ही किसी को लीज पर दी जाए जिस परियोजना के नाम पर किसान की भूमि ली जा रही है, उस परियोजना के प्रारंभ के पूर्व किसान, सरकार व डेवलपर की समिति बनाई जाए। उस समिति के निर्णय उपरांत ही कोई कार्य उस भूमि पर हो।

**2025 में डिफाल्टर हुए किसानों का ब्याज भरेगी मोहन सरकार** सहकारी बैंकों के ऋण 31 मार्च तक जमा न कर पाने के कारण डिफाल्टर हुए किसानों के विषय को मुख्यमंत्री को किसान संघ ने अवगत कराया गया। तो मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि ऐसे किसानों का ब्याज सरकार भरेगी। किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

**ये रहे उपस्थित** बैठक में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष राम भरोस वासोतिया, क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना, चंद्रकांत गौर प्रदेश महामंत्री, रमेश दांगी प्रांत महामंत्री, लक्ष्मी नारायण पटेल प्रांत अध्यक्ष, मनीष शर्मा प्रांत संगठन मंत्री, गिरिजा देवी ठाकुर, सर्वज्ञ दीवान प्रांत अध्यक्ष, जगराम यादव, राजेन्द्र पालीवाल, प्रहलाद पटैल, शिवनंदन रघुवंशी, योगेन्द्र भामु, आर सी पटेल आदि शामिल थे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय कुमार शुक्ला, कृषि सचिव एम सेलवेंद्रन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गौरी नगर से 8 महीने के मासूम का अपहरण, महिला सीसीटीवी में कैद

इंदौर। शहर के गौरी नगर क्षेत्र में शनिवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहाँ एक आठ महीने के मासूम बच्चे का अपहरण कर लिया गया। पूरी घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें एक संदिग्ध महिला को बच्चे को ले जाते हुए साफ देखा जा सकता है।




घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। मौके पर पहुंचे एडिशनल डीसीपी रामसनेही मिश्रा ने अपहरण की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल गठित किया गया है।पुलिस ने संदिग्ध महिला की पहचान कर ली है और उसके संभावित ठिकानों की तलाश की जा रही है। घटना के खुलासे के लिए कई टीमों को अलग-अलग दिशाओं में रवाना किया गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा और आरोपी महिला को हिरासत में लिया जाएगा।

# बूंद बूंद के लिए है परेशान बिलगुवा पंचायत के लोग


## पी.एच.ई.अधिकारी बैठे मौन, बिचारा सरपंच दर दर भटक रहा नहीं हो रही कही सुनाए

**जिला ब्यूरो - किसान पुत्र पुष्पेंद्र सिंह लोधी** दमोह//पटेरा ग्राम पंचायत सरपंच के द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद नहीं मिल पा रहा है आदिवासी मोहल्ले के लोगों को पानी एक बार फिर ग्राम पंचायत सरपंच ने एक लिखित आवेदन पत्र जल निगम के लिए दिया है तीन बार आवेदन देने के बाद भी जल निगम के अधिकारी कर्मचारी आदिवासी मोहल्ले में पानी नहीं दे पा रहे निवेदन है कि ग्राम तिरगढ में जो पानी टंकी बनी हुई है उसमें सिर्फ 30-35 परिवारों को ही पानी मिल पा रहा है जबकि टंकी से पूरे तिरगढ़ ग्राम के ग्राम वासियों को पानी मिलना चाहिए बिलगुवा टंकी से जो पानी सप्लाई होता है










उसे केवल 30-35 घरों को ही पानी मिल पाता है क्योंकि लाइन में ऊंचाई है इसलिए घरों में भी पानी कम मिल पाता है विभाग द्वारा जो 70 मीटर पाइप प्लांट डाली थी उसको पाइप को पाइप से जोड़ा नहीं गया है उसके कारण आदिवासी समाज के लोगों को पानी नहीं मिल रहा है उप स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक शाला के यहां पाइपलाइन नहीं डाली गई है अत: श्रीमान जी से निवेदन है कि गरीब ग्राम वासियों एवं आदिवासी मोहल्ले की परेशानी को देखते हुए कार्य को शीघ्र करवाने की कृपा करें

# आओ दौड़ें एक बेहतर कल के लिए – जहां हो स्वच्छ पर्यावरण

**मैराथन दिनांक 20 अप्रैल 2025 को प्रात: 6.30 बजे नेहरु स्टेडियम से**

पर्यावरण शब्द सुनते ही हमारे मन में हरियाली, नदियाँ, पर्वत, आकाश, वायु और वन्यजीवों की छवि उभरती है। वास्तव में पर्यावरण वह सम्पूर्ण प्राकृतिक परिवेश है, जिसमें हम जीते हैं और जो हमारे जीवन को सीधे रूप से प्रभावित करता है। जल, वायु, भूमि, पौधे, पशु-पक्षी, सूर्य की किरणें, तापमान, मौसम — ये सब पर्यावरण के घटक हैं। आज जब पूरी दुनिया प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक असंतुलन से जूझ रही है, तब पर्यावरण की रक्षा और संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है।




**पर्यावरण का महत्व** पर्यावरण केवल हमारे चारों ओर की प्राकृतिक वस्तुएँ नहीं हैं, बल्कि यह हमारे अस्तित्व का आधार है।

जीवन के लिए आवश्यक तत्व: वायु, जल और भूमि के बिना जीवन संभव नहीं है।

खाद्य और संसाधन का स्त्रोत: पेड़-पौधे, मिट्टी, नदियाँ और खनिज संसाधन हमें भोजन, जल, कपड़े, औषधियाँ और ऊर्जा प्रदान करते हैं।

जलवायु और मौसम का नियंत्रण: वृक्ष और महासागर पृथ्वी के तापमान को संतुलित रखते हैं और वर्षा के चक्र को बनाए रखते हैं।

जैव विविधता का संरक्षण: एक संतुलित पर्यावरण विभिन्न जीव-जंतुओं और पौधों को सहअस्तित्व का अवसर देता है, जिससे पारिस्थितिकी संतुलन बना रहता है।

**पर्यावरण को संकट क्यों?** विकास की अंधी दौड़, औद्योगिकीकरण और उपभोगवाद ने पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँचाया है।

वायु प्रदूषण: फैक्ट्रियों, वाहनों और धुएँ के कारण हवा विषैली हो रही है।

जल प्रदूषण: नदियों और समुद्रों में कचरा, रसायन और प्लास्टिक का बढ़ता प्रयोग।

वनों की कटाई: हरित क्षेत्र घटने से जैव विविधता पर खतरा।

भूमि क्षरण और मृदा प्रदूषण: कीटनाशकों, प्लास्टिक और कचरे से भूमि बंजर हो रही है।

जलवायु परिवर्तन: ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण बर्फ पिघल रही है, समुद्र स्तर बढ़ रहा है और मौसम असामान्य हो रहा है।

**पर्यावरण संरक्षण के उपाय** वृक्षारोपण करें: पेड़ लगाना सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करें: पुनः उपयोग और रिसाइकल को बढ़ावा दें। जल संरक्षण करें: नलों को टपकने से रोकें, वर्षा जल संचयन अपनाएँ। ऊर्जा की बचत करें: बिजली, पेट्रोल और गैस का समझदारी से प्रयोग करें शाकाहार अपनाएँ: पशुपालन से निकलने वाली गैसें पर्यावरण को नुकसान पहुँचाती हैं। शाकाहार पर्यावरण के अनुकूल है। सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करें: निजी वाहनों के बजाय बस, ट्रेन, साइकिल आदि का प्रयोग करें। जागरूकता फैलाएँ: पर्यावरण शिक्षा और जनसहभागिता से ही व्यापक बदलाव संभव है।

**भारत और पर्यावरण** भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के प्रति सम्मान और पूजा की भावना रही है। वृक्षों को देवता माना गया, नदियों को माँ का दर्जा दिया गया। प्राचीन ग्रंथों में 'पृथ्वी को न हानि पहुँचाने' का उपदेश मिलता है। आज समय है कि हम अपनी उसी विरासत को पुनः अपनाएँ।

**निष्कर्ष** पर्यावरण हमारी जीवनरेखा है। यदि हम इसे बचाएँगे, तो यह हमें जीवन देगा। यदि हमने इसे नष्ट किया, तो हमारा भविष्य भी अंधकारमय होगा। यह केवल सरकार या कुछ संगठनों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। छोटे-छोटे प्रयासों से भी बड़ा बदलाव संभव है।

**संदेश** धरती बचाइए, जीवन बचाइए। पर्यावरण की रक्षा, हमारा सामूहिक उत्तरदायित्व है।

# पुलिस थाना दीनदयाल नगर अन्तर्गत हाट रोड पर हुई चाकू बाजी घटना मे शामील आरोपीगण को किया गिरफ्तार

**उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता** घटना का संक्षिप्त विवरण – थाना दीनदयाल नगर रतलाम क्षेत्र मे दिनांक 15.04.2025 को बालाजी नमकीन के सामने हाट रोड रतलाम से फरियादी आदिल पिता बाबू शाह ने रिपोर्ट किया की मै अपनी मोटर सायकिल से सुभाष नगर से अपने घर जा रहा था। रात में करीब 12.45 बजे मै हाट की चौकी के पास बालाजी नमकीन के सामने रूका हुआ था । करीब 12.50 बजे रात में मेरे परिचित इकबाल हुसैन पिता मख्तियार हुसैन से झगडा करते हुए राजेन्द्र नगर का रहने वाला इम्मु उर्फ इमरान पिता शब्बीर कुरैशी तथा सरफराज मेवाती निवासी मदिना कालोनी का रहने वाला माँ बहन की गंदी गंदी गालिया दे रहे थे तथा बोल रहे थे कि दो साल पहले भी तुझे समझाया था कि हमसे मत उलझना । सरफराज ने इम्मु को बोला कि इसको (इकबाल हुसैन)पकड ,आज इसका हमेशा के लिये काम खतम ही कर देते है । इम्मु ने इकबाल हुसैन को पकडा तथा सरफराज मेवाती ने अपनी जेब से चाकू निकाला और इकबाल हुसैन पर जान से मारने की नियत से एक के बाद एक चाकू से वार किया ,जो इकबाल हुसैन को पेट में दोनो तरफ, पीठ पर ,कुल्हे पर ,जांघ पर ,दाहिने पैर पर लगभग बारह से पन्द्रह बार चाकू मारा। आस पास आने जाने वाले व मै बचाने के लिये दौडे तो सरफराज और इम्मु उर्फ इमरान वहाँ से मदिना कालोनी तरफ भाग गए लोगो कि मदद से इकबाल हुसैन को सरकारी अस्पताल रतलाम में ईलाज के लिये लेकर आया हूँ ,रिपोर्ट करता हूँ। रिपोर्ट पर आरोपीगण सरफराज और इम्मु उर्फ इमरान के विरूद्ध अपराध क्रमांक 289/25 धारा 109 ,296, 3(5)बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही –** प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए चाकूबाजी के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा व नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी दीनदयाल नगर निरी. रविन्द्र कुमार डण्डोतिया के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया । टीम द्वारा चाकूबाजी कर फरार आरोपी सरफराज पिता अब्दुल रशीद मेवाती व इम्मु उर्फ इमरान पिता साबीर कुरैशी को गिरफ्तार कर पुछताछ करते अपने अन्य साथी जुनैद पिता जाकीर हुसैन के साथ मिलकर इकबाल हुसैन के साथ लठ व चाकू से मारपीट करना बताया जो आरोपीगण को गिरफ्तार कर आरोपीगणो से घटना मे प्रयुक्त आलाजरब खटकेदार तेज धारदार चाकू व लठ जप्त किया गया। प्रकरण में धारा–25 आर्म्स एक्ट का ईजाफा किया गया। जिन्हें संबंधित न्यायालय पेश किया जावेगा ।

**गिरफ्तार आरोपी का नाम–** 01. सरफराज पिता अब्दुल रशीद मेवाती उम्र 28 साल निवासी मदीना कालोनी थाना माणकचौक जिला रतलाम,

02. इमरान उर्फ इम्मु पिता साबीर कुरैशी उम्र 27 साल निवासी राजेन्द्र नगर थाना डीडी नगर जिला रतलाम

03. जुनैद पिता जाकीर हुसैन उम्र 27 साल निवासी मदीना कालोनी थाना माणकचौक जिला रतलाम

जप्त मशरूकाङ्क घटना में प्रयुक्त हथियार एक खटकेदार धारदार चाकू व एक लठ विधिवत जप्त किया गया ।

सराहनीय भूमिका– निरी. रविन्द्र कुमार डण्डोतिया, उनि. मुकेश सस्तिया, उनि. देवीलाल पाटीदार सउनि. रमेशचन्द्र परमार, प्र.आर.568 हेमेन्द्र सिंह, प्र.आर.373 नारायण जादौन, आर.374 हर्षल शर्मा, आर.936 संजय कुशवाह, आर.36 सुर्यप्रसाद, आर.736 सोनु सुर्यवंशी, आर.621 धीरज यादव ,सैनीक मोहसिन खान की मुख्य भुमिका रही है।

# 8 खिलाड़ियों को प्रदान की खेल पोशाक (किट)

गौरव टांकवाल पिपलौदा । मंच, मैदान और कक्षा शिक्षा के तीनों आयामों की पूर्ति के लिए सरकार और विद्यालय विद्यार्थियों लगातार प्रोत्साहन देते हैं। इसी कड़ी में नगर के सीएम राइज स्कूल के संभाग से राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रतिभागी रहे 8 खिलाड़ियों को खेल पोशाक (किट) प्रदान की। गरिमामय कार्यक्रम में प्राचार्य संजय कुमार शर्मा ने वॉलीबॉल में शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने



वाली अंजा चंद्रवंशी, भूमिका परिहार, पूर्वी परमार, उज्जैन संभाग की ओर से प्रदेश में खेलने वाले वंशिका पाटीदार, विजय पांचाल, कृष्णा कटारा, जतिन मालवीय को शासन से प्राप्त किट प्रदान की। उपस्थित छात्रों को प्राचार्य ने कहा कि प्रतिभाओं को हर स्तर पर सम्मान और प्रोत्साहन मिलता है, इसलिए अपने अन्दर की प्रतिभा को पहचान कर उचित मौके पर प्रदर्शन आवश्यक होता है। सभी विद्यार्थियों को प्रेरणा लेकर अपनी प्रतिभा को सामने लाना चाहिए। कार्यक्रम में विकासखंड खेल प्रभारी राहुल वर्मा, खेल शिक्षक विशाल परमार, अंशुल शर्मा सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# संभागायुक्त इंदौर ने कलेक्टर के प्रतिवेदन पर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत को किया निलंबित

**पंकज गोस्वामी राणापुर/झाबुआ** संभागायुक्त इंदौर दीपक सिंह द्वारा कलेक्टर नेहा मीना के प्रतिवेदन अनुसार जनपद पंचायत रामा का वित्तीय वर्ष 2023–24 की ऑडिट रिपोर्ट में विसंगति पाये जाने पर गठित तीन सदस्यीय जांच दल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में लगभग 1.92 करोड़ की वित्तीय अनियमितता बरती जाने , विभिन्न योजनाओं/मदों की व्यय राशि की केशबुक में इन्द्राज नहीं होने , शासकीय योजनाओं की धनराशि कार्यालय के कर्मचारी एवं अन्य के बैंक खाते में जमा किये जाने एवं शासकीय राशि का दुरूपयोग करने एवं अन्य अनियमितताओं के कारण तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामा वीरेन्द्र सिंह रावत वर्तमान मे सीईओ जनपद पंचायत राणापुर जिला झाबुआ को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कलेक्टर जिला झाबुआ नियत किया गया । श्री रावत को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।


## ई-केवायसी में लापरवाही बरतने पर विक्रेता को पृथक किया जाकर उ.मू.दुकान निलंबित की गई

**पंकज गोस्वामी रानापुर/झाबुआ** – सहायक आपूर्ति अधिकारी राणापुर के प्रतिवेदन अनुसार आजाद महिला बहुदेशीय सहकारी संस्था मर्यादित राणापुर द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान वगई छोटी (2112057) के विक्रेता राधेश्याम गावड द्वारा दुकान के संलग्न पात्र हितग्राहियों की ई–केवायसी अभियान के दौरान ई–केवायसी नहीं करना पाया गया एवं फोन किए जाने पर अटेंड नहीं किया जाकर शासकीय कार्य में लापरवाही बरती गई। लापरवाही बरतने पर अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी अनुभाग–झाबुआ द्वारा म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की कंडिका 18 के उल्लंघन होने से आजाद महिला बहुदेशीय सहकारी संस्था मर्यादित राणापुर की शासकीय उचित मूल्य दुकान वगई छोटी (2112057) को तत्काल निलंबित किया जाकर शासकीय उचित मूल्य दुकान वगई बडी(2112013) में संलग्न किया गया। विक्रेता राधेश्याम गावड शासकीय उचित मूल्य दुकान गई छोटी (2112057) से पृथक किया जाकर चार्ज एवं पीओएस मशीन तत्काल वगई बड़ी (2112013) के विक्रेता श्री सम्भुसिंह डामोर को प्रदान किये जाने हेतु आदेशित किया गया। नियमानुसार चार्ज प्रदान न करने पर म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की कंडिका 13 (2) के तहत एफआईआर (स्न्ढ्ढक्र) दर्ज की जाएगी।

# नागरिक व बच्चे कम राशि में ले सकेंगे तैराकी का आनन्द-महापौर प्रहलाद पटेल

## कुषाभाउ ठाकरे तरणताल पुजा-अर्चना के साथ हुआ पुनः प्रारंभ

**उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता** रतलाम 17 अप्रैल । सिविक सेन्टर स्थित कुशाभाउ ठाकरे तरणताल जो कि बंद था उसे पुन: प्रारंभ करने के लिये लगातार प्रयास किये गये इन्ही प्रयासों के चलते आज यह तरणताल प्रारंभ हुआ है जिसमें नागरिक व बच्चे कम राशि में तैराकी का आनन्द ले सकेगे। उक्त उद्गार महापौर प्रहलाद पटेल ने कुशाभाउ ठाकरे तरणताल के पुन: प्रारंभ अवसर पर व्यक्त किये। उन्होने कहा कि निविदाकार रामा कृष्णा इन्टरप्राईजेस दिल्ली द्वारा इसका संचालन किया जायेगा इनके द्वारा देश के विभिन्न शहरों के 38 तरणताल का संचालन किया जा रहा है। महापौर प्रहलाद पटेल ने तरणताल संचालक को निर्देशित किया कि तरणताल में सुरक्षा का पुरा ध्यान रखें, तरणताल में तैराकी के लिये जाने वाले बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा पानी की क्लीनिंग व समय–समय पर बदला जाये। शॉवर लेने के बाद ही तरणताल में जाने की अनुमति दी जाये। निगम



अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि कुशाभाउ ठाकरे तरणताल को प्रारंभ करने की मांग की जा रही थी आज से यह प्रारंभ हो चुका है ग्रीष्म ऋतु में नागरिक व बच्चे तैराकी का आनन्द ले सकेंगे मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा ने इस अवसर कहा कि बीच में कुछ समय के लिये तरणताल बंद था महापौर प्रहलाद पटेल के अथक प्रयासों से आज से यह प्रारंभ हुआ है ऐसे नागरिक एवं बच्चे जिन्हे तैराकी नहीं आती है उन्हे तैराकी सिखाने हेतु तरणताल में प्रशिक्षकों तथा लाईफ गार्ड की व्यवस्था भी है। नेता पक्ष एवं जलकार्य तथा सीवरेज समिति प्रभारी भगतसिंह भदौरिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि कुशाभाउ ठाकरे तरणताल शहर के मध्य स्थित है इसके पुन: प्रारंभ होने से नागरिकों एवं बच्चों को तैराकी करने व सीखने का लाभ मिलेगा।

प्रारंभ में महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, सपना त्रिपाठी, क्षेत्रिय पार्षद मनीषा–विजयसिंह चौहान, पार्षद रणजीत टांक, धर्मेन्द्र रांका, निशा सोमानी, देवश्री पुरोहित, कार्यपालन यंत्री राहूल जाखड़, स्वच्छता अधिकारी ए.पी. सिंह, प्रभारी सहायक यंत्री सुहास पंडित आदि ने विधिवत् पूजा–अर्चना कर तथा फीता काटकर तरणताल को पुन: प्रारंभ किया कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र चौहान ने किया व आभार क्षेत्रिय पार्षद मनीषा चौहान ने माना।

# पूर्व छात्र अजय सिंह परमार को वीरता पदक–सरस्वती स्कूल को गर्व

नीमच स्थित अजी CRPF कैंप में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में भारत सरकार के गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा CRPF के जांबाज अधिकारी, अजय सिंह परमार को उनकी अद्वितीय बहादुरी के लिए वीरता पदक प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें 15 अप्रैल 2022 को जम्मू–कश्मीर के शोपियां जिले के अति संवेदनशील और आतंक प्रभावित इलाके में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में अदम्य साहस और नेतृत्व के लिए दिया गया, जिसमें उन्होंने चार कुख्यात, आधुनिक हथियारों से लैस आतंकियों को मार गिराया। अजय सिंह परमार, वर्ष 1998 बैच के सरस्वती स्कूल के पूर्व छात्र रहे हैं। विद्यालय



परिवार को इस बात का अत्यंत गर्व है कि हमारे छात्र ने देश सेवा में ऐसा अप्रतिम योगदान दिया है। उनकी यह वीरता न केवल CRPF बल का गौरव बढ़ाती है, बल्कि सरस्वती स्कूल के हर छात्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती है। सरस्वती विद्यालय परिवार की ओर से हम अजय सिंह परमार को उनके इस अद्वितीय सम्मान और देश सेवा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन प्रेषित करते हैं। इस अवसर पर स्कूल समय में साथ पढ़ाई करने वाले शाश्वत डोरिया के संस्थान पर वीरता पदक से सम्मानित होने पर अजय सिंह परमार का स्वागत किया गया अखिल भारती मानवाधिकार निगरानी समिति के जिला अध्यक्ष दिलीप छाजेड़, टोनू गोयल, शाश्वत डोरिया, विजय डोरिया ,संजय जायसवाल ,नरेंद्र जैन, कन्हाई जायसवाल ने श्री परमार को पुष्प वाला पहन कर शुभकामनाएं प्रेषित की और मुंह मीठा कराया

## जनपद पंचायत रामा में ऑडिट रिपोर्ट में पाई विसंगतियों के आधार पर गठित जाँच दल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर एफआईआर दर्ज करायी गई

**संजय जैन जिला ब्यूरो** झाबुआ – कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेंद्रसिंह चौहान द्वारा कार्यालय जनपद पंचायत रामा का वित्तीय वर्ष 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट में विसंगति पाये जाने पर गठित तीन सदस्यीय जांच दल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में लगभग 1.92 करोड़ की वित्तीय अनियमितता बरती जाने एवं शासकीय योजनाओं की धनराशि स्वयं के बैंक खाते में जमा किये जाने एवं शासकीय राशि का दुरूपयोग करने के कारण कालीदेवी थाना में तत्कालीन कम्प्युटर ऑपरेटर जनपद पंचायत रामा पवन मिश्रा, तत्कालीन सहायक लेखाधिकारी जनपद पंचायत रामा मोतीलाल अड़, सहायक ग्रेड 3 जनपद पंचायत रामा विक्रम पारगी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई। तत्कालीन कम्प्युटर ऑपरेटर जनपद पंचायत रामा पवन मिश्रा पद से पृथक किया गया। इसी के साथ तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामा वीरेन्द्र सिंह रावत के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु संभागायुक्त इन्दौर की ओर प्रस्ताव प्रेषित किया गया।

इसी के साथ 16 अप्रैल 2025 को उक्त प्रकरण में कलेक्टर नेहा मीना द्वारा तत्कालीन लेखा एवं सहायक लेखा अधिकारी के प्रभार मे रहे विक्रम पारगी सहायक ग्रेड 3 जनपद पंचायत रामा को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के – उपनियम (09) के तहत तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया। निलम्बन अवधि मे श्री पारगी का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत, झाबुआ नियत किया गया तथा श्री पारगी को निलम्बन अवधि मे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता अर्जित रहेगी।

## अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए श्री पाण्डेय भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) को प्रेक्षक नियुक्त किया गया

**अलीराजपुर** । जिला उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियांशी भंवर ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनपद पंचायत चन्द्रशेखर आजाद नगर के अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए श्री अरूण पाण्डेय, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) मो. 9425036003 को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है ।

आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक जिले में दिनांक 18 अप्रैल 2025 से दिनांक 21 अप्रैल 2025 तक जिले में भ्रमण करेंगे । प्रेक्षक के लायजनिंग अधिकारी के रूप में श्री मोहित बिरला आबकारी उप निरीक्षक मो.8435423457 को नियुक्त किया गया है ।

## मंत्री श्री विजयवर्गीय जी की अपील...

### मेरे जन्मदिवस पर पोस्टर-बैनर नहीं लगाएं, गौसेवा करें

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से विशेष अपील की है। उन्होंने वीडियो संदेश जारी कर आग्रह किया है कि आगामी 30 अप्रैल को उनके जन्मदिवस पर शहर में बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स नहीं लगाए जाएं। श्री विजयवर्गीय ने अपने संदेश में कहा, आप सभी मेरे हृदय में बसते हैं। दीवारों पर तस्वीरें लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जो राशि पोस्टर और बैनर पर खर्च कर रहे हैं, उसे गौसेवा में लगाना अधिक पुण्य का कार्य होगा। उन्होंने इंदौर स्थित पितृ पर्वत गौशाला, श्रीश्री



विद्याधाम गौशाला एवं साईं बाबा मंदिर के समीप स्थित गौशाला सहित शहर की अन्य गौशालाओं में दान करने का अनुरोध किया। अपने संदेश में मंत्री श्री विजयवर्गीय जी ने यह भी कहा कि शहर की स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है और अनावश्यक पोस्टर-बैनर लगाने से शहर का सौंदर्य बिगड़ता है। शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि ऐसे प्रचार के माध्यमों से बचा जाए। गौरतलब है कि मंत्री श्री विजयवर्गीय का तिथि अनुसार जन्मदिवस 30 अप्रैल 2025 को है और इसे लेकर इंदौर सहित अन्य स्थानों पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इसी क्रम में कई स्थानों पर बैनर और पोस्टर लगाए जा रहे थे, जिसे देखते हुए मंत्री श्री विजयवर्गीय जी ने यह भावनात्मक अपील की है। उनकी यह पहल न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण है, बल्कि पर्यावरण और गौसेवा के प्रति भी उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## नीमच में आजीविका पुस्तकालय और आजीविका ज्ञान केंद्र का शुभारंभ

### ज्ञान दान अभियान किताबें दान करें, जीवन संवारें





नीमच मध्यप्रदेश एमपीएसआरएलएम की सीईओ श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा जरूरतमंद एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु एक नई पहल की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आजीविका मिशन भोपाल के निर्देशानुसार, कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव एवं सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक श्री अमित खरे के मागदर्शन में 17 अप्रैल 2025 से गिरदौडा में आजीविका संकुल स्तरीय संगठन गिरदौडा में अंतर्गत संचालित नारी शक्ति सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र भरभडिया में 'ज्ञान दान अभियान' का शुभारंभ कर, आजीविका पुस्तकालय व आजीविका ज्ञान केंद्र का जनपद सदस्य श्री रतन मालावत ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक श्री शम्भु मईडा, जनपद सीईओ श्री राजेन्द्र कुमार पालनपुरे, सहायक जिला प्रबंधक (सामुदायिक प्रशिक्षक), श्री प्रकाश प्रालिया, विकासखंड प्रबंधक श्री राजेन्द्र कुमार चौहान, श्री आशीष भगोरे एवं सुनिल नागराज, एवं सीएलएफ अध्यक्ष श्रीमति रिटा जाटव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे 30 बच्चों ने भाग लिया और अपने सुझाव भी पुस्तकालय के लिए दिए। पुस्तकालय स्थापना का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों को पढ़ने की बेहतर सुविधा एवं पुस्तक उपलब्ध करवा कर भविष्य बेहतर बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाना है। साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध कराना है। इस अभियान के तहत लोग 'जो लोग प्रतियोगिता में सफल हो चुके है उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें' दान कर सकते हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्री रतन मालावत ने तीन हजार रूपये की दान राशि की घोषणा भी की।

## अलिराजपुर पुलिस द्वारा आपदा प्रबंधन एवं लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण आयोजित




संजय राठौड़ जिला ब्यूरो अलीराजपुर- पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल के मार्गदर्शन में जनहित एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता हेतु अलिराजपुर पुलिस द्वारा एक दिवसीय आपदा प्रबंधन एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल व नागरिकों को प्राकृतिक आपदाओं, सड़क दुर्घटनाओं, अग्निकांड एवं अन्य आपात स्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया देने हेतु तैयार करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को CPR (Cardiopulmonary Resuscitation), प्राथमिक उपचार, घायलों की सुरक्षित निकासी, अग्निशमन उपाय तथा संकट की स्थिति में समन्वय एवं नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विशेषज्ञ प्रशिक्षकों एवं आपदा प्रबंधन दल (ह्ष्ठक्रस्न)होमगार्ड कार्यालय अलीराजपुर द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, होमगार्ड एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पहल जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम है जो न केवल पुलिस बल की तत्परता को बढ़ाएगा, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा में भी सहयोगी सिद्ध होगा।

## कलेक्टर श्री सिंह ने प्रशासनिक अमले के साथ पंचकोशी यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ाव स्थलों का निरीक्षण किया

उज्जैन,कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रशासनिक अमले के साथ पंचकोशी यात्रा की तैयारियों की समीक्षा हेतु विभिन्न पड़ाव स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधाओं, मार्गों की स्थिति, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत उन्होंने श्री नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के साथ की। इसके पश्चात उन्होंने यात्रियों के आगमन एवं प्रस्थान मार्ग का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने इसके पश्चात पिंगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वच्छता एवं चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज के आसपास के मार्ग को दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए, जिससे आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न हो। त्रिवेणी शनि मंदिर पड़ाव स्थल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने त्रिवेणी घाट की सफाई, फव्वारों की स्थापना एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने कहा कि समस्त कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने करोहन पड़ाव स्थल पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव स्थल पर आवश्यक सुविधाएं, विशेषकर स्वच्छता को प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। नलवा पड़ाव स्थल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को यात्रियों हेतु शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने अम्बोदिया स्थित बिल्केश्वर महादेव मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की तथा संबंधित अधिकारियों को अम्बोदिया पहुंच मार्ग की मरम्मत एवं मार्ग की लेवलिंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल तक समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं। पड़ाव स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सेवा धाम आश्रम, अम्बोदिया के संचालक श्री सुधीरभाई गोयल द्वारा नवागत कलेक्टर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने यहां बिल्वकेश्वर महादेव के दर्शन और पूजन अर्चन भी किया। कलेक्टर ने कालियादेह महल पड़ाव स्थल का निरीक्षण कर बावन कुंड का अवलोकन किया। उन्होंने नगर पालिक निगम के अधिकारियों को श्रद्धालुओं हेतु शावर की स्थापना तथा घाट की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचकोशी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने हेतु सभी विभाग समन्वयित प्रयास करें।

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उजैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1I0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उजैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - I9 I4826006, 8643056464, 9 I I5154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उजैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)